वरिष्ठ नेतृत्व व कनिष्ठ प्रतिभाओं का संगमः आगमन 2017

राष्ट्रीय प्रस्तावना

लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज, लखनऊ में वार्षिक फ्रेशर्स पार्टी ''आगमन-2017'' का रंगारंग आयोजन संपन्न हुआ। एस0एम0एस0 कालेज के निदेशक डॉ मनोज मेहरोत्रा व महानिदेशक (तकनीकी) डॉ भरत राज सिंह के औपचारिक उद्घाटन के उपरान्त छात्र/छात्राओं ने अपनी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। समारोह में एसएमएस परिवार के साथ-साथ शहर की कई गणमान्य हस्तियाँ भी छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु सम्मिलित हुयी। इस अवसर पर छात्रों को आशीर्वचन देते हुये संस्थान के सचिव श्री शरद सिंह ने कहा ''छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा के साथ-साथ को-करिकुलर गतिविधियाँ उतनी ही आवष्यक है, जितनी की पढ़ाई तथा हमारा उद्देष्य एक संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करना है।''

समारोह के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले विद्यार्थी पुरुस्कृत किये गये। स्नातक स्तर पर आकाश सिंह-मि0 फ्रेशर व मान्या निगम-मिस फ्रेशर तथा परास्तानक स्तर पर ऋषभ सिंह-मि0 फ्रेशर व वैष्णवी यादव-मिस फ्रेशर के रूप में निर्णायक मण्डल द्वारा घोषित किये गये।

इस कार्यक्रम में अपनी रंगारंग प्रस्तुति से बॉलीवुड के गायक श्री विशाल श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। यह सूचना संस्थान के कुलसचिव श्री टी0 पी0 सिंह द्वारा उपलब्ध करायी गयी।